22.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने जयपुर में बिजनेस मीट को संबोधित किया–भारत और अमेरिका के बीच निवेश, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र सहित अन्य साझेदारी पर ज़ोर दिया।

○ जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला–गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टोंक के पीपलू ब्लॉक के आंगनबाड़ी केन्द्रों में हुए गुणात्मक सुधारों की सराहना की।

○ विश्व पृथ्वी दिवस पर वनमंत्री संजय शर्मा की प्रकृति संरक्षण और पौधरोपण की अपील।

000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा है कि सदी का भविष्य भारत और अमेरिका के साझा व्यापारिक संबंधों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत ने व्यापार वार्ता के लिए अधिकारिक तौर पर शर्तों को अंतिम रूप दिया है, जो दोनों देशों के बीच एक रोडमैप तैयार करता है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने आज राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति वेन्स ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की आलोचना की जा रही है, जबकि उन्होंने संतुलित ट्रेड का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत रक्षा के क्षेत्र में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है। अमेरिका भारत को विश्व स्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में साझेदारी की बड़ी संभावनाएं हैं। श्री वेन्स ने भारत में नये घरों के निर्माण और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सुविधाएं विकसित करने की साझेदारी पर भी ज़ोर दिया है।

....................

उपराष्ट्रपति वेन्स ने आज अपनी पत्नी भारतीय मूल की उषा चिलुकुरी वेन्स और तीनों बच्चों के साथ जयपुर के आमेर किले और अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने इसकी सुंदरता और वास्तुकला की सराहना की। श्री वेन्स ने कहा कि वे भारतीय संस्कृति और समृद्धि से अभिभूत हैं।

आमेर पहुंचने पर उनका परम्परागत राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति की अगवानी की। श्री वेन्स का राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री श्री शर्मा से मिलने का कार्यक्रम है।

वे उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ से भी मुलाकात करेंगे। श्री वेन्स कल परिवार सहित आगरा जाएंगे और दोपहर तक वापस जयपुर लौटेंगे।

000

जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में आज आतंकी हमला हुआ है। पहलगाम इलाके के बैसरन वन क्षेत्र में आतंकवादियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग की। हमले में कुछ पर्यटकों के घायल होने के समाचार हैं। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुरक्षा बलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियां हालात पर नजर बनाए हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

000

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अत्यधिक हीटवेव की परिस्थिति में श्रमिकों और मजदूरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। नई दिल्ली में संवाददताओं से बात करते हुए श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मंत्रालय ने इस बारे में सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखा है। उन्होंने नियोक्ताओं, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को श्रमिकों के लिए प्रभावी हीटवेव निवारक उपाय लागू करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही श्री मांडविया ने कारखानों, निर्माण स्थलों, ईंट भट्ठों और खानों में काम करने वाले श्रमिकों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

000

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार नौ उम्मीदवारों की सिफारिश की है। इनमें 725 पुरुष और 284 महिलाएँ हैं। शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। यूपीएससी की लिखित परीक्षा पिछले साल सितम्बर में हुई थी। इसके बाद इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच साक्षात्कार हुए थे।

000

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और संपत्ति का दुरुपयोग रोकना है। श्री रिजिजू ने आज मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत जैसे बड़े देश में जमीन के एक–एक इंच का उचित उपयोग होना चाहिए।

इधर, जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आज वक्फ सुधार जनजागरण कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को वक्फ संशोधनों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्री राठौड़ ने कहा कि वक्फ सम्पत्तियों से मिलने वाली राशि को मुस्लिम महिलाओं और समुदाय के उत्थान पर खर्च किया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोंक जिले के पीपलू ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की माप दक्षता में सुधार की सराहना की है। इन केन्द्रों पर बच्चों की लम्बाई और वज़न की माप दक्षता में 99 प्रतिशत से ज्यादा सुधार आया है। श्री मोदी ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में हुए समारोह में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत पीपलू ब्लॉक में हुए गुणात्मक सुधार की प्रशंसा की। टोंक जिला कलेक्टर सौम्या झा ने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करने में करीब दो साल का समय लगा। उपखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों की उपलब्धता चार प्रतिशत से 100 फीसदी कर दी गई है। वहीं पीने के पानी की पहुंच भी शत–प्रतिशत हुई है। इसी तरह स्कूलों के बुनियादी ढांचों में भी सुधार किया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिन की यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे। बतौर प्रधानमंत्री श्री मोदी की सऊदी अरब की ये तीसरी यात्रा है। श्री मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। अपने प्रस्थान वक्तव्य में श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच शांति, समृद्धि और सुरक्षा तथा साझा हितों पर जोर दिया। उन्होंने सऊदी अरब में भारतीय समुदाय से जुड़ने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय, दोनों के देशों के बीच सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को जीवंत सेतु के रूप में मजबूत करता है।

000

विश्व पृथ्वी दिवस पर आज विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम हुए। नई दिल्ली में 'पृथ्वी बचाओ' सम्मेलन आयोजित किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी शुरूआत की। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी अलग–अलग सत्रों को संबोधित किया।

इधर प्रदेश में भी विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। डूंगरपुर के विद्यालयों में जनजागरुकता कार्यक्रम हुए और कई प्रतियोगिताएं रखी गई। बांसवाड़ा में विद्यार्थियों ने जल, जंगल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। बाड़मेर में छात्र–छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। पाली में पृथ्वी दिवस के मौके पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं रखी गई। वहीं वन प्रेमियों ने पौधरोपण और श्रमदान किया। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में कार्यशाला रखी गई। झालावाड़ में इस अवसर पर परिंडे बांधे गए। वनमंत्री संजय शर्मा ने सीकर में मीडिया से बातचीत में बताया कि सरकार ने पिछले साल सात करोड़ 22 लाख से ज्यादा पौधे लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार इससे भी अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

000

देश का पहला दृश्य श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स मुंबई में होने जा रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से ये आयोजन एक से चार मई तक होगा। ये सम्मेलन कंटेन्ट निर्माण, बौद्धिक क्षमता और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में काम करने वालों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इसमें रेडियो, टीवी, फिल्म, एनिमेशन, डिजिटल मीडिया, एआई और वीआई भी शामिल हैं।

जोधपुर के एनिमेशन फिल्म मेकर रोहित सांखला को भी वेव्स में भाग लेने के लिए चुना गया है। इस पर रोहित ने कहा कि इस अवसर के जरिए वे अपनी रचनात्मकता को नया आयाम देने के लिए उत्सुक हैं।

000